# प्रतियोगिता में 35 लोगों ने लिया हिस्सा

**एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़ :** अग्रवाल कॉलेज में रविवार को राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता की गई। प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता का विषय हमारी पंचायत, पंचायती राज व्यवस्था व ग्रामीण भारत की आत्मा का चित्रण था। इसमें 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान अंजलि, द्वितीय स्थान पूनम मान और तृतीय स्थान राखी ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार नीतू को दिया गया। इस दौरान प्रफेसर एसके चक्रवर्ती, कमल टंडन, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. पूनम आनंद और डॉ. संजीव गुप्ता मौजूद रहे।